<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–07 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में किया एक हजार दो सौ करोड़ रूपये की लागत से अनाज आधारित डिस्टिलरी प्लांट का लोकार्पण। कहा– डीजल और पेट्रोल के स्थान पर एथेनॉल के प्रयोग से किसान होंगे समृद्ध।
- प्रदेश भर में उल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी का महापर्व। अयोध्या में सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक श्रीरामलला का किया सूर्य तिलक। प्रज्ज्वलित किए गये ढाई लाख दीप।
- अयोध्या में प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया भव्य। कहा–श्रीराम का जीवन राष्ट्रनिर्माण का बड़ा आधार।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में आज और कल लू चलने का जारी किया एलो अलर्ट। प्रदेश के पूर्वी भाग में शुष्क रहेगा मौसम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा में सुपर मेगा प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक हजार दो सौ करोड़ रुपए की लागत से अनाज आधारित डिस्टिलरी प्लांट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां एथेनॉल बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि डीजल और पेट्रोल के स्थान पर एथेनॉल का प्रयोग होगा तो इससे किसान समृद्ध होगा।

***डीजल और पेट्रोल के बदले अब गाड़ियाँ ही नहीं एरोप्लेन भी इससे संचालित होंगे। इस प्रकार का फाइन इथेनॉल के निर्माण की कार्रवाई अब प्रारंभ हो गई है। भारत सात से आठ लाख करोड़ रुपए का डीजल और पेट्रोल खरीदता है। अगर हमारे किसानों के उत्पाद का उपयोग हम इथेनॉल बना करके और इस रेक्टिफाइड इथेनॉल के माध्यम से और स्पिरिट के माध्यम से हम डीजल और पेट्रोल का स्थान ले ले एक तो विदेशी मुद्रा की बचत होगी किसान समृद्ध होगा तो देश समृद्ध होगा।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्नदाता किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए देश में वेस्ट खाद्यान्न और सरप्लस गन्ने से एथेनॉल बनाने के कार्यक्रम को अनुमति दी। इसके परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश में एथेनॉल उत्पादन ब्यालिस लाख लीटर से बढ़कर आज एक सौ सतहत्तर करोड़ लीटर का हो गया है।

इसका ज्यादातर उपयोग डीजल एवं पेट्रोल के साथ ब्लेडिंग करने में हो रहा है। जिससे देश को विदेशी मुद्रा की बचत हो रही है। श्री योगी ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी बहुत ज्यादा विकसित हो चुकी है। यदि कोशिश की जाए तो हर उद्योग जीरो लिक्विड डिस्चार्ज पर जा सकता है। हमें निवेश के साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिए तकनीक का उपयोग करना होगा।

**********

प्रदेश भर में कल श्री राम नवमी का महापर्व श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव की चारो तरफ धूम रही। दोपहर बारह बजे प्रभु श्रीराम जन्म के साथ ही सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक श्रीरामलला के ललाट पर तिलक किया। अध्यात्म और विज्ञान के इस उत्सव का दुनिया भर के लोग साक्षी बनें। बारह सौ करोड़ रूपये के भव्य महल में सुबह साढ़े नौ बजे से श्रीरामलला के अभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ। पहले पंचामृत फिर दिव्य औषधियों से युक्त स्वर्ण कलश से रामलला का अभिषेक किया गया। इसके बाद सरयू के जल से उन्हें स्नान कराया गया। राम नवमी पर पहली बार भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। राम की पैड़ी पर ढाई लाख दीप जलाये गये। एक रिपोर्ट–

***संपूर्ण विश्व के सनातन धर्मी अयोध्या में दिव्य और भव्य राम मंदिर में प्राकट्य होते ही रामलला के ललाट पर भगवान दिवाकर के किरणों से रचे तिलक के ऐतिहासिक, अद्भुत और अनूठे दृश्य के साक्षी बने। श्री राम जन्मोत्सव से पहले रामलला को नए वस्त्र पहनाए गए और साथ ही नए आभूषण और नया मुकुट भी धारण कराया गया। श्री राम संकीर्तन और वेद मंत्रोच्चारण के बीच अपने आराध्य को धरा पर अवतरित होते देख भक्त भाव–विभोर होकर जयकारे लगाने लगे, भगवान रामलला को 56 प्रकार के भोग लगाकर प्रसाद सुरक्षा बलों और निर्माण कर्मियों सहित परिसर में उपस्थित सेवकों और श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। अयोध्या में हर ओर जन्मोत्सव के बधाई गान और जय घोष गूंज रहे हैं। इस बीच प्रशासन ने ड्रोन से सरयू जल की अमृत वर्षा कर अयोध्या आए श्रद्धालुओं को सराबोर कर दिया और शाम को राम की पैड़ी पर ढाई लाख दीपक प्रज्वलित कर भगवान राम के प्राकट्य की खुशी में अभिनव छटा बिखेरी गई। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

पीलीभीत, हापुड़, अम्बेडकरनगर, अमरोहा में रामायण और सुन्दर कांड का पाठ किया गया। वाराणसी में मुस्लिम महिलाओं ने प्रभु श्रीराम की आरती की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में रामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। मुख्यमंत्री ने रामनवमी के पावन अवसर पर अयोध्या में श्री राम लला के ललाट पर सूर्य तिलक के दृश्य को सनातन राष्ट्र की आस्था का प्रतीक बताया।

वहीं, चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर्व पर भक्तों ने मां सिद्धिदात्री की पूजा की। मां को 56 व्यंजनों का भोग लगाकर और नौ प्रकार के फल–फूल अर्पित कर नवरात्रि का समापन किया। जगह–जगह कन्या पूजन किए गए।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल रामेश्वरम में पंबन वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज का उद्घाटन किया और तट रक्षक बल के जहाज को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने अयोध्या में रामनवमी पर प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक को भव्य बताते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन और उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामेश्वरम में ऑटो ब्रिज के लोकार्पण के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने गोरखपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि रामेश्वरम में यह नया ब्रिज प्रधानमंत्री के विकास एवं विरासत के विजन को दर्शाता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर कल गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि मातृ शक्ति के प्रति आदर का पवित्र भाव रखना सबका दायित्व है। श्री योगी ने कहा कि सरकार ने भी मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कहा कि  सभी यह मिलकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बेटी, बहन, महिला शोषण का शिकार न होने पाए।

***समाज हो या राष्ट्र सभी लोगों का एक दायित्व बनता है की वे बेटी और बेटे के बीच में भेदभाव ना करे। महिला और पुरुष के बीच में कोई भेदभाव ना हो किसी भी प्रकार के अन्याय और अत्याचार और शोषण का शिकार बेटी बहन या मातृ शक्ति का कोई भी रूप हो वह ना होने पाए यह हर व्यक्ति को समाज को और पूरे देशवासियों को इस बात को समझना चाहिए तभी हम एक सशक्त और समर्थ भारत की परिकल्पना को साकार कर पाएँगे।***

**********

भारतीय जनता पार्टी ने कल अपना छियालीसवां स्थापना दिवस मनाया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़ी हुई है। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी का झंडा फहराया और सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने लखनऊ में ध्वजारोहण किया।

**********

प्रदेश भर में कल से आठ मई तक वन और वन्यजीव सुरक्षा माह का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत वन अपराधों पर अंकुश लगाने और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर अभियान चलाये जायेंगे। इसमें वन बल और पुलिस के साथ ही नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी का भी सहयोग लिया जायेगा। प्रधान मुख्य संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया कि यह अभियान प्रतिदिन तीन शिफ्ट में चलाया जायेगा। पहली शिफ्ट सुबह छः से दोपहर दो बजे तक, दूसरी दोपहर दो से रात्रि दस बजे तथा तीसरी शिफ्ट रात्रि दस बजे से सुबह छः बजे तक चलेगी।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में आज और कल के लिए लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके लिए लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के पूर्वी भाग में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। कल प्रदेश के अधिकांश जिलों में गर्मी का प्रकोप रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली से सटे कई जिले लू की चपेट में रहे। वाराणसी, बलिया, प्रयागराज, फतेहपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या, झांसी और हमीरपुर में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। प्रयागराज में सर्वाधिक इकतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक तीखी धूप और गर्मी से राहत के आसार नहीं है। रात का पारा भी बढ़ेगा।

**********